जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ✹ चाचौड़ा ✹ राघौगढ़ ✹ मुंगावली ✹ चंदेरी ✹ पोहरी ✹ कोलारस ✹ जीरापुर ✹ सारंगपुर ✹ बड़नगर ✹ नागदा भोपाल, 25 जुलाई 2025

### रिमझिम बारिश के बीच हजारों श्रद्धालु 17 किमी पैदल निशान लेकर पहुंचे मां बिजासन माता के दरबार

# मायके से आया बिजासन माता का पहला श्रृंगार



**जागरण, ब्यावरा**

जिला, प्रदेश सहित देश-विदेश में प्रसिद्ध मां बिजासन भैंसवामाता को हरियाली अमावस्या पर साल का पहला श्रंगार और निशान चढ़ाया गया। यह श्रंगार बिजासन माता की जन्मस्थली सुल्तानिया गांव (मायका) से पहुंचा। भैंसवामाता को पहला श्रंगार मायके से ही चढ़ता है। इसके बाद अन्य भक्तों व श्रद्धालुओं को दर्शन लाभ मिलता है। श्रंगार और निशान 17 किमी दूर सुल्तानिया गांव से हजारों श्रद्धालु पैदल चलकर भैंसवामाता मंदिर पहुंचे। 40 फीट का ध्वज निशान में शामिल श्रद्धालु अपने कंधे पर पदयात्रा कर लाए, जहां मैया को श्रंगार और निशाल अर्पित किया। रिमझिम बारिश की फुहारों से श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। ग्रामीण जगदीश नागर ने बताया कि मान्यता है कि वर्षो पूर्व माता ने सुल्तानिया गांव से धरती में समाई थी और भैंसवा की पहाड़ी दूध तलाई नाम स्थान पर हाथ निकालकर दर्शन दिए थे। तब ये आस्था और भक्ति का यह पर्व चलता आ रहा है। पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ हजारों ग्रामीण हर साल पूरा श्रंगार माता को अपने मायके सुल्तानिया से पहनाया जाता है।

### सात दिनों से चल रही शिव महापुराण कथा का समापन

## शिव पुराण सुनने से सुख- शांति और समृद्धि आती है: पं. नागर



**जागरण, ब्यावरा**

शहर के अपना नगर स्थित पराशन गार्डन में सात दिनों से चल रही शिव महापुराण कथा का गुरुवार को महाआरती एवं प्रसादी वितरण के साथ समापन हो गया। इस दौरान बड़ी सं या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर कथा का लाभ लिया। कथा का वाचन पं. प्रमोद नागर द्वारा किया गया। इस मौके पर पं. नागर ने कहा कि श्रावण मास में शिव पुराण का श्रवण मात्र से मिलते हैं अद्भुत लाभ मिलते हैं। समस्त पापों का नाश होता है और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। शिव भक्ति से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि महादेव के भक्तों के लिए यह कथा अमृत समान है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पंवार के सौजन्य से कथा 18 जुलाई से दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित हुई। समापन अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कथा श्रवण की। वहीं शिव महापुराण की पूजन-आरती कर कथा वाचन पं. प्रमोद नागर का स मान किया। इस मौके पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया सहित बड़ी सं या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कथा विराम के बाद आयोजक जगदीश पंवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## रिमझिम बारिश के बीच निकली कावड़ यात्रा

**जागरण, सुठालिया**



प्रतिवर्ष हरियाली अमावस्या पर निकलने वाली मालवा की प्रसिद्ध कावड़ यात्रा गुरुवार को भी पूरे उत्साह के साथ निकली यहां से करीब तीन किलो मीटर दूरी पर स्थित पुण्य सलिला माँ पर्वती नदी के पवन तट घोघराघाट से प्रातः 5 बजे माँ पार्वती की पूजा अर्चना कर कावड़ियों ने पवित्र जल भर कर 18 किमी का पैदल सफर तय किया। इस दौरान रिमझिम बारिश होती रही जिसमें कावड़ियों ने भीग कर जमकर आनंद लिया दोपहर तक कावड़ यात्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर घुरेल पहुंचे ओर दशो दिशा दृष्टा भूत भवन पशुपतिनाथ महादेव का जलाभिषेक कर लोक मंगल घनघोर बारिश व क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

**अलग-अलग जत्थों में निकले कावड़ यात्री :** नगर में सुबह से ही अलग-अलग जत्थों में कावड़ यात्री अपने कंधे पर कावड़ रखे हुए भोलेनाथ के जयकारे लगते हुए गंतव्य की और रवाना हुए जहां जगह-जगह उनका केले, फलहारी, खिचड़ी, खीर आदि भक्तजनों ने वितरित कर स्वागत किया गया। इस बार उक्त कावड़ यात्रा 33 वें वर्ष में प्रवेश कर गई जिसमें लगातार 33 वर्षो से कई कावड़ यात्री शामिल होते आ रहे है। इस वर्ष भी उन्होंने पूरे उत्साह के साथ कावड़ यात्रा में भाग लिया और लोक मंगल की कामना के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। वही ग्रामीण अंचल के सैकड़ों की तादाद में कावड़ यात्री मौजूद रहे। नगर में सायंकाल से ही ग्रामीण अंचल के भोले के भक्त कावड़ियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो मध्यरात्रि के बाद पार्वती नदी की और रवाना हुए।

## न्यूज कार्नर

### टूर्नामेंट में शामिल होने खिलाड़ी रवाना

**ब्यावरा।** माहेश्वरी युवा संगठन की क्रिकेट टीम प्रदेश स्तरीय माहेश्वरी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग गुरुवार को रवाना हो गई। टूर्नामेंट इंदौर में प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित होगा। इसमें प्रदेश 16 जिलों की टीमें भाग लेंगी। सतीश माहेश्वरी एवं टीम के वरिष्ठ युवा साथी मनीष गगरानी ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने युवा संगठन के कप्तान रवि अजमेरा, उप कप्तान हर्षित काकानी द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया गया। इस मौके पर राहुल राठी, अक्षत बहेती, आदित्य बहेती, राहुल चोपड़ा, अंकित राठी, कार्तिक लड्ढा, आयुष सोमानी अन्य युवा साथी उपस्थित रहे। जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष जीतेंद्र माहेश्वरी, वरिष्ठ समाजसेवी संपत मोदानी, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक काकानी, युवा संगठन के चिराग मोदानी, हितेश बाहेती, शुभम चांडक, सचिव मोनू बाहेती, गोविंदा मुंदडा, मनीष काकानी ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### हरियाली अमावस्या पर मंदिरों में रही भीड़



**पचोर।** नगर में श्रावण मास की अमावस्या को हरियाली अमावस्या के रूप में पूजा गया। इस अवसर पर नगर के सभी शिवालय मंदिर सहित श्री राम दरबार मंदिरों में भी श्रद्धालु धर्मप्रेमियों कि भीड़भाड़ बनी रही। कचहरी के मंदिर श्री राम दरबार में मंदिर के पुजारी ने राम दरबार की पोशाक पहनाई। वहीं नगर के शिवालय पर भी प्रातः से ही दर्शनार्थ पूजन का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का आगमन पानी गिरने के साथ भी रुक नहीं बढ़ता ही गया। इस तरह से नगर में हरियाली अमावस्या के पर्व पर सभी मंदिरों में पूजा एवं अभिषेक पाठ करने वालों की आना-जाना बना रहा। गुरुवार को बारिश से मौसम सुहाना रहा।

### गुरुवार को दिनभर झमाझम बारिश से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में उफान पर आए नदी-नाले

# डेढ़ माह में औसत बारिश का 50 फीसदी कोटा पूरा



**जागरण, ब्यावरा**

जिले में इस बार समय पर आए मानसून ने जिले के आम लोगों से लेकर किसानों को खुश कर दिया। समय पर बारिश होने से जिले में बोवनी का लक्ष्य भी पूरा हो गया और फसलों के अनुकूल बारिश होने से फसलें भी खेतों में लहलहा रही हैं। 15-16 जून को जिले में हुई मानसूनी बारिश के बाद से अब तक करीब डेढ़ माह में सीजन की औसम बारिश का 50 प्रतिशत से अधिक 590 मिमी बारिश हो चुकी है। लगातार हो रही बारिश से जमीनी जलस्तर 0 लेवल पर आने के साथ जमीन तरप भी लग गई है। कुए-बावड़ी, तालाब फूल हो गए हैं। गुरुवार को सुबह से दोपहर तक झमाझम बारिश हुई। इसके बाद रिमझिम और फुहारों की बारिश चलती रही।

### ब्यावरा में सर्वाधिक 984.6 मिमी, सारंगपुर में सबसे कम 281.6 मिमी बारिश

इस बार जिले में अच्छी बारिश हो रही है। अब तक औसत बारिश 1100 मिमी का 50 प्रतिशत से अधिक 590 मिमी बारिश हो चुकी है। इसमें सबसे ज्यादा 984.6 मिमी बारिश ब्यावरा में और सबसे कम सारंगपुर में 281.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं जीरापुर में 493 मिमी, खिलचीपुर में 547.7 मिमी, राजगढ़ में 558 मिमी, नरसिंहगढ़ में 705 मिमी एवं पचोर में 501.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि पिछले साल इसी समय तक 469.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

### कटारियाखेड़ी के नाले में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला



**ब्यावरा।** देहात थाना क्षेत्र के कटारियाखेड़ी गांव के पास नाले में करीब 40 साल के एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। गुरुवार दोपहर 1 बजे ग्रामीणों ने नाले में शव देखा और थाना पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों के मुताबिक जिस नाले में शव मिला, उस पर एक पुलिया बनी हुई है। यहां लोग अक्सर बैठते हैं। अचानक शव देख सभी सकते में आ गए और पुलिस को सूचना दी। शव को निकालकर सिविल अस्पताल की मॉर्चुरी में रखा गया। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि शव लगभग दो दिन पुराना लग रहा है। फिलहाल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस सोशल मीडिया और अपने अन्य संपर्कों के जरिए पहचान की कोशिश कर रही है। पहचान होने के बाद ही शव परिजनों को सौंपा जाएगा। केस दर्ज कर मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

### जीवन में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें विद्यार्थी : दांगी



**जीरापुर।** जीवन में सफलता हासिल करने के लिए विद्यार्थी अच्छे से पढ़ाई करे ओर अपने माता-पिता विद्यालय का नाम रोशन करें, शिक्षा के क्षेत्र मे सरकार द्वारा कई योजनाऐं लागू कर छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया जा रहा है ऐसे में सभी विद्यार्थी कड़ी मेहनत करे और आगे बढ़े यह बात क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने बुधवार को शा.उ.बा. हायर सेकेंण्डरी स्कूल में निःशुल्क सायकल वितरण समारोह में कही। इसके पूर्व में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, भाजपा जिला मंत्री ईश्वरसिंह तौमर ने विद्यार्थियों को मोबाईल से दूरी बनाये रखने और बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विधायक दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस स्कूल के कक्षा छठी एवं कक्षा नौवीं के 42 छात्रों को षासन की योजना के तहत निशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, विष्णुसिंह पंवार, गजराजसिंह, लाखनसिंह तौमर, गिरिराज जुलानिया, श्याम टेलर, कुशाल कुशवाह, मुकेश पुष्पद, संजय भावसार आदि मौजूद रहे।

### हरियाली अमावस्या पर किया पौधारोपण



**सारंगपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर में पर्यावरण प्रेमी संघ के सदस्यों की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। विद्यालय परिसर में आम, मोसंबी, पीपल आदि के कई पौधे रोप गए। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी विष्णु प्रसाद जोशी ने कहा कि इन पौधों के बढ़ने तक हमें इनकी देख भाल करनी है। उन्होंने विद्यार्थियों को पेड पौधों एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी बताया और उनके हाथों से पौधारोपण कराया गया। इस अवसर पर गुरु चरण गौड, ओमप्रकाश राठौर, चैनसिंह बन्नासिया आदि मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने नागरिक बैंक के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का किया स्वागत-सम्मान



**जागरण, ब्यावरा**

जिला सहकारी नागरिक बैंक राजगढ़ के नवनिर्वाचित नागरिक बैंक के अध्यक्ष आनंद त्रिपाठी एवं उपाध्यक्ष मुकेश नामदेव का गुरुवार सुबह 11 बजे राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के निवास पर स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोति किया गया। इस दौरान मंत्री श्री पंवार ने दोनों अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का फूल माला एवं साफा बांधकर स्वागत स मान किया। बैंक को लेकर कैसे उसको आगे बढ़ाया जाए और कैसे लोगों को बैंक से जोड़ा जाए, इसको लेकर भी मंत्री ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष को सुझाव दिए। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव भी मौजूद रहे।

# विधायक ने किया कार्यों का भूमिपूजन



**जागरण, ब्यावरा**

गुरुवार को राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव ने क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं पौधरोपण किया। ग्राम पंचायत बड़लावदा के तहत ग्राम दुबली की गौशाला में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही ग्राम बड़लावदा में 37.50 लाख के अटल पंचायत भवन का भूमि पूजन किया गया। जिसकी लागत निर्धारित की गई है। गोपालपुरा में 11.30 लाख के टीन शेड निर्माण एवं 15 लाख रुपए लागत की पुलिया निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अमर सिंह यादव ने की।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि फूलसिंह तंवर, मंडल अध्यक्ष सुरेश दांगी, लोकेन्द्र यादव बड़लावदा सरपंच हेमराज यादव, चौंडापुरा सरपंच प्रतिनिधि गोपाल यादव, कोड़ियाजरगर सरपंच प्रतिनिधि चेनसिंह जायसवाल, ओमप्रकाश नागर सहित कई ग्रामीण एवं जनप्रतिनधि मौजूद रहे।

### पुष्प वर्षा कर कावड़ यात्रा का स्वागत



**तलेन।** नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर से जलभरकर उज्जैन जाने वाले कावड़ यात्रा का नगर में भव्य स्वागत किया गया। कावड़ यात्रा खेड़ापति हनुमान मंदिर के महंत रामकृष्ण जी भारती सानिध्य में द्वारा 30 कावड़ यात्रियों द्वारा जलभरकर खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई, जो नगर तलेन के प्रमुख मार्गो से होते हुए उज्जैन के लिए रवाना हुई। इस कावड़ यात्रा का पुरानी नगर परिषद काम्प्लेक्स व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा कर केले व जलपान करवा कर स्वागत किया। कावड़ यात्रियों द्वारा उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा।

### हरियाली अमावस्या पर कंतोड़ा की पहाड़ी पर पौधरोपण पखवाड़े का शुभारंभ

# कंतोड़ा की पहाड़ी पर 135 बीघा में विकसित होगा नगर-वन



**जागरण, नरसिंहगढ़**

सामान्य वन मंडल राजगढ़ के तत्वाधान में प्रकृति को समर्पित पर्व हरियाली अमावस्या के अवसर पर जिले के प्रथम नगर वन कंतोडा की पहाड़ी पर गणेश चौक के सामने वृहद वृक्षारोपण पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। वन विभाग के आव्हान पर तेज बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में उत्साह के साथ आम नागरिकों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा रहे। उन्होंने उपस्थित नागरिकों एवं स्कूली विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा एक पेड़ मां के अभियान चलाया जा रहा है जिसमें हम सभी को बढ़ाकर हिस्सा लेना चाहिए और पेड़ लगाने से हमारी प्रकृति संतुलित होगी तथा उत्तम वातावरण निर्मित होगा फास्ट के लिए लाभकारी रहेगा तत्पश्चात वृक्षारोपण किया।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुशील कुमार, अनुविभागीय अधिकारी सामान्य वन मंडल राजगढ़ दिनेश यादव, तहसीलदार विराट अवस्थी, विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र परमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश मालवीय, सरपंच मनोज कलावत, पर्यावरण कार्यकर्ता राधेश्याम भिलाला, पुनीत उपाध्याय, शिव वैध, दिनेश नागर, विभोर वर्मा, राजकुमार वर्मा, रवि वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में ऋषि वैली और हिंद कन्वेंट स्कूल के स्कूली बच्चों ने भी भाग लेकर वृक्षारोपण किया। विधायक श्री शर्मा ने अपने संबोधन में वन विभाग द्वारा जंगलों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में नगर वन नरसिंहगढ़ के लिए एक उत्कृष्ट धरोहर बनेगा और इसे नरसिंहगढ़ के सुंदर वन के नाम से जाना जाएगा। कार्यक्रम का संचालन वन विभाग के मास्टर ट्रेनर भगवती शरण शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने 140 बीघा भूमि में विकसित किये जा रहे निर्माणाधीन नगर वन और आगामी समय में नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं सहित वन क्षेत्र एवं वन्य प्राणी अभ्यारण के बारे में रोचक जानकारी साझा की। आभार प्रदर्शन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुशील कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया और 'एक पेड़ मां के नाम' की थीम पर वृक्षारोपण किया गया। आयोजन में वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव गुप्ता ब्यावरा, मोनिका ठाकुर नरसिंहगढ़, डिप्टी रेंजर शिशुपाल जाट, महेश भानेरिया, नटवर धापानी, मनीष उमठ, चन्दर सिंह कटारिया सहित वन स्टाफ़ उपस्थित रहा ।

# विस्थापन योजना से वंचितों से मिले विधायक



**जागरण, कुरावर**

बीते गुरुवार को दोपहर के समय पार्वती रेसई बांध परियोजना में समीपस्थ ग्राम तरैनी धाकड़ के उन पीड़ित परिवारों के सदस्यों से मिले जो विस्थापन योजना से वंचित रह गए हैं। ग्रामीण जनों से विधायक मोहन शर्मा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलने पहुंचे जहां उनके साथ जल संसाधन विभाग के एसडीओ बी.आर. शिंदे नायब तहसीलदार कुरावर सुनीता कुमारी पटवारी श्री धुर्वे, मनोज शर्मा मौजूद थे। ग्रामीणजनों ने उनसे कहां की कई बार जिला कलेक्टर राजगढ़, एसडीएम नरसिंहगढ़, जल संसाधन विभाग नरसिंहगढ़ को भी लिखित रूप में शिकायत कर दी है पर आज दिनांक तक समस्या कल नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि अभी तक उनकी आईडी नहीं बनी है, मुआवजा नहीं मिला है, भूखंड भी नहीं मिला है। दूसरी तरफ बांध में पानी का स्तर बढ़ता जा रहा है जिससे डूबने की संभावना बनी हुई है। हमें भूखंड नहीं मिलने से मकान का निर्माण हम नहीं कर पा रहे हैं और डूब क्षेत्र में निवास कर रहे हैं जिससे दिन प्रतिदिन बाढ़ आने पर डूबने की संभावना बनी हुई है। विधायक ने प्रशासनिक अमले की उपस्थिति में किसानों का आश्वासन दिया कि उनके शीघ्र आईडी बनाकर उन्हें मुआवजा दिया जाएगा वह भूखंड भी प्रदान किया जाएगा। जिससे वह मकान का निर्माण करके रह सके। इस मौके पर किसान कमल सिंह नागर, संजय नागर, लेखराज, राधेश्याम नागर आदि उपस्थित थे।

**इनका कहना है**

आज हमने विस्थापन योजना से वंचित पीड़ित परिवारों के सदस्य से मुलाकात की है। प्रशासनिक अमला भी वहां मौजूद था सीकरी वंचित परिवारों को उनकी आईडी बनाकर मुआवजा व भूखंड दिलवाया जाएगा।

**मोहन शर्मा**
**विधायक, नरसिंहगढ़**

## न्यूज कार्नर

### हरियाली अमावस्या के अवसर पर वृक्षारोपण किया



**जागरण महिदपुर।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर श्री चिंतामन गणेश मंदिर परिसर कढ़ाई पर सुधीर मूणत मित्र मंडल द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर रमेश राठी, सुधीर मूणत, विजेन्द्र बाठिया, प्रदीप सुराना, प्रमोद मूणत, अरुण बुरड़ सहित मंदिर पुजारी पंडित अशोक जोशी उपस्थित थे।

### हरियाली अमावस्या पर समाधिया के नेतृत्व में वृक्षा रोपण हुआ



**जागरण महिदपुर।** समर्पित सामाजिक संस्था द्वारा हरियाली अमावस्या के उपलक्ष में मोची खेड़ा मार्ग स्थित काला, गोरा भैरव मंदिर प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया साथ ही संस्था सदस्यों द्वारा गौ सेवा में हरा चारा वितरित किया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ भगवती प्रसाद जोशी द्वारा की गई। विशेष अतिथि मालवीय कवि वृषभ जैन, एवं जगदीश वर्मा (ज्वलंत) ने अपने विचार कविता के माध्यम से रखे। उपस्थित जनों द्वारा तालियां बजाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम का संचालन चेतन पाठक ने किया, आभार संस्था अध्यक्ष पंडित प्रदीप कुमार समाधिया ने माना । इस अवसर पर अर्जुन उपाध्याय, राजेश केवट, विष्णु प्रजापत, किशोर केवट ,चेतन प्रकाश उपाध्याय, तरुण चौहान,दुर्गेश प्रजापति,निखिल समाधिया, जीवनमाली जितेंद्र प्रजापत उपस्थित रहे।

### दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति ने किया कांवड़ यात्रा का आयोजन

जागरण महिदपुर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति की सौजन्य से 27 जुलाई रविवार को प्रातः 9 बजे कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कावड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बैजनाथ धाम पहुंचेगी मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका रजनी गुलाटी ने बताया कि यह कावड़ यात्रा का चौथा वर्ष है। यात्रा नागचंद्रेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर महिदपुर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बैजनाथ धाम प्रस्थान करेगी। जिला संयोजिका द्वारा अधिक से अधिक मातृशक्ति को कावड़ यात्रा में आमंत्रित करने की अपील की गई है।

### मेरी आवाज ही मेरी पहचान है कार्यक्रम सम्पन्न

जागरण उज्जैन। महायोगी पायलट बाबा का पुण्य स्मरण एवं गुरू पादपूजन पंच दशनाम जूना अखाड़ा श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी शैलेषानंद गिरी के सानिध्य में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.सतिंदर कौर सलूजा के मुख्य आतिथ्य में, अध्यक्षता उमाशंकर भट्ट संगीतज्ञ, विशेष अतिथि बैंक एम्प्लाईज यूनियन संयोजक यू.एस.छाबड़ा आदि।

# हरियाली अमावस्या पर प्रकृति के रंग में रंगे महाकाल, दूधतलाई में लगा मेला

## दूधेश्वर महादेव का हुआ रुद्राभिषेक, गऊघाट पर भी युवतियों और महिलाओं की भीड़



**जागरण उज्जैन।** आज सावन कृष्ण पक्ष की हरियाली अमावस्या के अवसर पर भगवान महाकाल का सुबह विशेष श्रृंगार हुआ और वे प्रकृति के रंग में रंगे नजर आए। भस्मारती के बाद भगवान के स्नान और अभिषेक के बाद भांग से उनका श्रृंगार किया गया और बिल्व पत्र की माला चढ़ाई गई। इधर हरियाली अमावस्या पर सुबह से दूध तलाई स्थित दूधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मेला लगने लगा था। वहीं गऊघाट पर भी युवतियों और महिलाओं की भीड़ जुटने लगी थी और देर शाम तक यहां भीड़ रही।

महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पं. आशीष गुरु ने बताया कि आज तडके भगवान महाकाल की भस्मारती हुई। इसके पश्चात भगवान का स्नान और अभिषेक किया गया। इसके उपरांत भगवान का चंदन और भांग से श्रृंगार कर उन्हें बिल्व पत्र की माला अर्पित की गई। उन्होंने बताया कि हरियाली अमावस्या का दिन संपूर्ण जगत में मानव जाति को प्रकृति के प्रति प्रेम का संदेश देता है। भगवान महाकाल स्वयं प्रकृति के संरक्षक हैं। यही कारण है कि आज उनका भांग तथा उनके प्रिय बिल्व पत्रों से श्रृंगार किया गया और संपूर्ण भारतवर्ष में सदा हरियाली रहे ऐसी कामना की गई। उन्होंने कहा कि आज के दिन वृक्षारोपण का भी विशेष महत्व है। महाकाल दर्शन करने आए श्रध्दालुओं ने आज भगवान महाकालेश्वर के प्रकृति स्वरूप के दर्शन किए। इधर आज सुबह से दूधतलाई स्थित दूधेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में मेले के आयोजन की तैयारियां शुरु हो गई थी। मंदिर के बाहर झूले और दुकानें सुबह से सज गई थी। आज देर शाम तक यहां महिलाओं और युवतियों की भीड़ उमड़ेगी। मंदिर के पुजारी के अनुसार आज हरियाली अमावस्या महापर्व पर दूध तलाई स्थित भगवान दूधेश्वर महादेव मंदिर में भगवान दूधेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय अभिषेक एवं महाप्रसाद वितरित की जाएगी। महाप्रसादी भोग में प्रातः काल से खिचड़ी प्रसाद एवं संध्याकालीन सवा क्विंटल नुक्ती का भोग भगवान को अर्पित किया गया। संध्याकाल को रात्रि 8 बजे महाआरती की गई।

### इसलिए नाम पड़ा दूधतलाई

पुजारी के अनुसार भगवान दूधेश्वर महादेव मंदिर का पुरातत्व महत्व यह है कि यहां पर राजा पृथु ने कामधेनु गाय के थन धोए थे जिससे यहां पर दूध प्रकट हुआ था। इसलिए पूरे परिक्षेत्र का नाम दूध तलाई के नाम से जाना जाता है और यहां भगवान का नाम भी दूधेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध है। यहां के कुएं के जल का भी विशेष महत्व है। कोई भी माता बहनें को संतान उत्पन्न होने के बाद दूध आना उन्हें बंद हो जाए तो यहां के कुएं का जल माता बहनें द्वारा ग्रहण करने से दूध आना शुरू हो जाता है। भगवान दूधेश्वर महादेव अभिषेक करे हुए जल का बड़ा ही महत्व है।

### जवारे विसर्जन और धानी मुक्का व्रत

यहां पर धानी मुक्का के व्रत का उद्यापन करने वाली कन्याएं माता बहने कुंड परिक्षेत्र में जवारे विसर्जित करती है। एक सखी दूसरे सखी के मुख में धानी खिलाकर पीठ पर मुक्का मारती है और धानी मुक्का का व्रत खोलती हैं। यहां प्रातः काल से ही सुबह से माता बहनों का जन सैलाब रहता है।

# हरियाली अमावस्या पर शासकीय महाविद्यालय में हुआ वृहद वृक्षारोपण



**जागरण नागदा।** शासकीय महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर के माध्यम से वृहद वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह, पूर्व विधायक लाल सिंह जी राणावत, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओ पी गहलोत, सुबोध स्वामी, श्री राम आदि उपस्थित थे। वृहद वृक्षारोपण अतिथियों, महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पी बी रेड्डी, वरिष्ठ ग्रंथपाल, वासुदेव जटवन, डॉ सुनील प्रसाद, डॉ ओ पी परमार, रासेयो प्रभारी , डॉ सविता मरमट, डॉ सोनाक्षी सोलंकी, प्रो अंजू ठाकुर, डॉ के पी नरुका, समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सेवाधाम आश्रम में ग्लोबल प्रशांति नर्सिंग कॉलेज के 30 से अधिक छात्रों ने किया पौधरोपण

जागरण उज्जैन। अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम उज्जैन में महात्मा अंकित की 41वीं जन्म जयंती पर 'अंकितोत्सव' अंतर्गत 34वें राष्ट्रीय वर्षा मंगल महोत्सव एवं मित्र मिलन महोत्सव अंतर्गत ग्लोब प्रशांति नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसीपल श्रीमती प्रो. मेहा रावत के नेतृत्व में 30 से अधिक नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रो. मोनिका सिंह, चंचल मालवीय हेमन्त डांगी एवं मेघा चैहान भी उपस्थित थे।

आश्रम संस्थापक सुधीर भाई द्वारा की जा रही सेवाओं पर चर्चा की एवं उनके अनुभव सांझा किए। आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने उज्जैन की धर्मप्रेमी एवं पर्यावरण प्रिय जनता से अपील की है कि आप भी इस पौधारोपण कार्यक्रम में अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में अपने साथियों के साथ आकर पौधारोपण कर सकते है। वर्षा मंगल महोत्सव 31 दिन अनवरत जारी रहेगा।

# आचार्य श्री सागरानन्दसागर म.सा. की 151वीं जन्म जयंती पर संस्कृत भाषा में हुआ गुरु गुणानुवाद

**जागरण उज्जैन।** जैन आगमों में अहिंसा को परम धर्म कहा गया है। केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि वाणी और मन से भी किसी को दुख न पहुँचाना ही आगम का प्रमुख सार बताया है यदि आपकी वाणी संयमित नहीं है तो यह पंचअणुव्रत का उल्लंघन है असंयमित वाणी से पाप कर्म का बंध होता है। विशेष रूप से नारकी और तिर्यंच गति का कारण बनता है, ऐसे 45 आगमो के उद्धारक, आगम जीनालाय बनाने वाले व मालवा के महान उपकारी परम पूज्य आचार्य श्री सागरानन्दसागरसूरिश्वर जी म. सा. की 151वीं जन्म जयंती पर श्री केसरियानाथ-माणिभद्र यक्षराज तीर्थधाम में विशेष गुणानुवाद सभा का अनुपम आयोजन हरियाली अमावस्या के दिन संपन्न हुआ।

श्री आदेश्वर-चन्दाभुजी ट्रस्ट के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी व प्रदीप दख ने बताया की श्री केसरियानाथ - माणिभद्र यक्षराज तीर्थ भेरुगढ़ पर विराजित आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वर जी म. सा.ने अपने प्रवचन में बताया की परम पूज्य आचार्य श्री सागरानन्दसागरसूरिश्वर जी म. सा. ने अदम्य साहस के साथ घर से भागकर वैराग्य को अंगीकार किया था व मालवा वासियो पर अनंत उपकार किये। प्रवचनकार आचार्य श्री सागरचंदसागरसूरी जी म. सा. ने कहा की सैलाना के राजा दिलीपसिंह जी को आचार्य श्री ने प्रतिबोध दिया एवं उनके नगर में चातुर्मास किया, रतलाम नगर में भी आचार्य श्री ने बड़े पैमाने पर आगाम वाचन किया। गुणानुवाद के विशिष्ट प्रसंग पर आचार्य श्री विवेकचंदसागरसूरी जी म. सा. ने अंग्रेजी में प्रवचन दिया, मुनिवर धैर्यचंदसागर म. सा. ने आचार्य श्री चन्द्रसागरसूरी जी के दीक्षा प्रसंग का सारगर्भित वृत्तांत बताया व सभा में एक अनुपम प्रसंग हुआ जब पूज्य श्री वैराग्यचंदसागर जी ने ओष्ठ्य व्यंजन रहित संस्कृत भाषा में धाराप्रवाह प्रवचन दिये। जैन इतिहास में उपाध्याय पूज्य श्री यशोविजय जी ने ओष्ठ्य व्यंजन रहित अर्थात जिसमे दोनों होंठ प्रवचन बोलते समय जुड़ते नहीं है इस नियम से प्रवचन दिए थे। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने भी आचार्य श्री के व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए उनकी विशेषताओ को रेखांकित किया व आचार्य श्री की 151वीं जन्म जयंती पर उपस्थित सभी श्रावक-श्राविका को 151 पौधे लगाने का संकल्प दिलाया। गुरुगुणानुवाद के विशेष दिन गुरुदेव की वास चूर्ण पूजा का लाभ रमेशचंद सुभाषचंद दुग्गड परिवार ने लिया व गुरुदेव की पुष्प पूजा का लाभ अनिल विमलचंद सांवरा परिवार ने लिया। श्री आदेश्वर-चन्दाप्रभु जी ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष दुग्गड व सचिव कमल पिछोलिया तथा ट्रस्ट मण्डल एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रकाश सांवरा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की गुरुदेव के आर्शीवाद से ऐसी गुरुभक्ति हमारी साधना में सदैव बनी रहे।

# सपना बड़ा हो तो छोटे स्वप्न स्वतः ही साकार हो जाते हैं : विधायक बोस




**जागरण महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में विधायक दिनेश जैन बोस के सम्मान का समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का स्वागत कर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ आशा सक्सैना एवं स्टाफ सदस्य द्वारा विधायक बोस का शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। स्वागत भाषण डॉ. सुमन जैन द्वारा दिया गया। इसी अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का मुख्य अतिथि बोस ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। विद्यार्थियों को दिये अपने प्रेरक उद्बोधन में विधायक ने कहा कि हमेशा सपना बड़ा देखें, क्योंकि जब सपना बड़ा होता है, तो छोटे स्वप्न स्वतः ही साकार हो जाते हैं। हमेशा अपने हक के लिये लडना सीखें। जब आपके अधिकारों का हनन होता है तो आपको चुप नहीं बैठना चाहिये। आपको उनके लिये आवाज अवश्य उठानी चाहिये और उन्हें प्राप्त करने के लिये प्रयास करना चाहिये। इस अवसर पर उन्होंने उज्जैन में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में प्राप्त प्रमाणपत्र का वितरण भी सहभागी एनसीसी कैडेट को किया। अंत में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़, पूर्व पार्षद सगीर बेग, पार्षद गुलाम मो. बाबा नागोरी, जाकिर मंसूरी, रईस कुरेशी, इकबाल नागोरी, सोनू जाट, पूर्व पार्षद हारून छीपा, महेन्द्र सिंह चौहान ने महाविद्यालय के अल्प संसाधनों में उत्कृष्ट परिणामों की सराहना की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सक्सेना ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन वाचन करते हुए महाविद्यालय की आवश्यकताओं की जानकारी दी। इसमें उन्होंने महाविद्यालय में रिक्त पदों, बाउंड्री वॉल व सायकिल स्टेंड जैसी कमियों की ओर इंगित किया। विधायक ने शासन स्तर पर शीघ्र ही इन समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जाकिरुद्दीन अहिंगर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रभाकर मिश्र ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टॉफ, एनसीसी व एनएसएस केडेट, एवं विद्यार्थी सहित नगर के कई गणमान्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने कहा मेडिसिटी निर्माण कार्य में तेजी लाएं



**जागरण उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को मेडिसिटी के निर्माण कार्य और शहर के प्रमुख अस्पतालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि मेडिसिटी का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक और निर्धारित समय-सीमा, 31 दिसंबर 2027 से पूर्व पूर्ण किया जाए। साथ ही, उन्होंने बारिश के दौरान तेजी से किए जा सकने वाले कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने मेडिसिटी के मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल ब्लॉक का निरीक्षण किया। यहां उन्हें जानकारी दी गई कि मेडिकल कॉलेज की रिटेनिंग वॉल का निर्माण पूर्ण हो चुका है और बेसमेंट कार्य प्रगति पर है, वहीं मेडिकल हॉस्पिटल की रिटेनिंग वॉल का कार्य भी जारी है। मेडिकल कॉलेज ब्लॉक का ग्राउंड लेवल कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

**चरक भवन में व्यवस्थाएं देख निर्देश दिए**-इसके बाद उन्होंने चरक भवन का निरीक्षण किया और दवाई वितरण केंद्र, पंजीयन केंद्र, शिशु वार्ड, ईसीजी, ओपीडी, आकस्मिक चिकित्सा वार्ड, नेत्र परीक्षण, दंत चिकित्सा, फिजियोथैरैपी वार्ड, सामान्य वार्ड तथा कंट्रोल सेंटर का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने मरीजों के परिजनों से संवाद कर यह सुनिश्चित किया कि पंजीयन और दवा वितरण में कोई परेशानी नहीं हो रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संस्थागत प्रसव मामलों में जन्म प्रमाण पत्र डिस्चार्ज से पूर्व जारी किया जाए। साथ ही, खाली काउंटरों का उपयोग कर पर्चे बनाए जाएं ताकि भीड़ का दबाव कम हो।

उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने, कंट्रोल सेंटर की सतत निगरानी, तथा सीसीटीवी की कार्यशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए। नेत्र परीक्षण वार्ड में संसाधनों की जानकारी ली और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा।

ओपीडी में ड्यूटी डॉक्टरों और पेरामेडिकल स्टाफ की जानकारी प्रतिदिन बोर्ड पर प्रदर्शित करने, शिशु वार्ड में भोजन वितरण की निगरानी और बेडिंग को कलर कोडिंग के अनुसार नियमित बदलने के निर्देश भी दिए गए।

# शासकीय महाविद्यालय माकडोन में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन



**जागरण माकडोन।** शासकीय महाविद्यालय माकडोन में हरियाली अमावस्या पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन इको क्लब के तत्वादान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनिल दीक्षित के सरक्षण में छात्र छात्राएं की सहभागिता में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओ ने एक एक पेड़ महाविद्यालय के प्रांगण में लगाकर उसकी संपूर्ण सुरक्षा की शपथ ली।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक द्वारा एक एक पेड़ लगाकर महाविद्यालय परिसर को हरा भरा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन इको क्लब के संयोजक डॉ राजेन्द्र सिंह पंवार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ नरेंद्र सरिया दी गई।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम कर रोपे गए पौधे



**जागरण महिदपुर।** घटिया रोड़ स्थित जगोटी के स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल परिसर में गुरुवार को हरियाली अमावस्या का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । वहीं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए समस्त अतिथियों ने स्कूल परिसर में अनेक छांवदार और फलदार वृक्ष पौधों का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का कुमकुम तिलक निकाल कर स्वागत किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेविका श्रीमति पुष्पलता गट्टानी मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता कैलाश गट्टानी वरिष्ठ पत्रकार, मोहनलाल हेड़ा, यशवंत सिंह ठाकुर, रतन लाल चौधरी, दिनेश वर्मा, संदीप गट्टानी, समिति संयोजक उमेश गहलोत थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैलाश गट्टानी ने कहा कि वृक्षारोपण या पौधारोपण एक आयोजन कार्यक्रम नहीं है यह हमें एक शिक्षा भी देता आज का पौधारोपण कल बड़ा होकर हमें छांव फल और आक्सीजन के रूप में जीवनदान देता है ।

हमें भी वृक्षों को कटने से बचना चाहिए और कटते हुए वृक्षों की देखभाल करनी चाहिए वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील राठौड़ ने वृक्षारोपण से मिलने वाले फायदे और वृक्ष का मानव जीवन से जुड़े होने पर प्रकाश डाला ।

इस दौरान स्कूल के आचार्य परिवार और भैया बहनों ने साथ हरियाली अमावस को याद गार बनाते हुए कार्यक्रम के अतिथियों ने औषधीय पौधे के साथ आम, जामुन, मीठा नीम, शम्मी बिल्वपत्र सुगंधित पौधे नारियल और छांवदार वृक्षों के अनेक पौधे स्कूल परिसर में एक एक पौधा मां के नाम सभी अतिथियों ने लगाया गया वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम के बाद स्कूल के भैय्या बहनों ने हरियाली अमावस्या का पर वृक्षों की देखभाल करने का सामूहिक रूप से संकल्प लिया इस दौरान भैय्या बहनों को कैले व चाकलेट का भी वितरण किया गया इस अवसर पर पूर्व उप-सरपंच विरेन्द्र सिंह ठाकुर, शंकर लाल राठौड़, जगदीश शर्मा, राहुल परमार, संजय शर्मा, महेश परमार बरखेडी बाजार, संजय पटेल, वरिष्ठ आचार्य गुमान पारेगी व आचार्य दीदी परिवार प्रमुख रूप से मौजूद थे ।

इसी प्रकार सरकारी कुआं स्थित बाबा सिध्देश्वर महादेव मंदिर पर भी हरियाली अमावस्या के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम सावन मास के चलते महिलाओं ने मंदिर परिसर में शम्मी के पौधे का वृक्षारोपण किया गया और उसके संरक्षण करने का संकल्प लिया वहीं हरियाली अमावस्या का पावन पर्व होने पर मंदिर परिसर में स्थित कुएं के अंदर छोटे छोटे बच्चों ने वर्षों पुरानी परंपराओं का निर्वाह करते हुए हरे भरे, ज्वारे को कुएं के अंदर प्रवाहित किया गया तथा बच्चों धार्मिक आयोजन करते हुए धानी मुक्केबाजी का खेल खेला गया और हरियाली अमावस्या का आनंद उठाया।

# आज मनाई जाएगी आचार्य सम्राट की 126वीं जन्म जयंती

**जागरण नागदा -** आज 25 जुलाई को श्रमण संघ के दूसरे आचार्य पूज्य आचार्य सम्राट आनंदऋषिजी म.सा. की 126वीं जन्म जयंति 3-3 सामायिक एवं जप-तप के साथ महावीर भवन में मनाई जायेगी। साथ ही 51 उपवास करने वाले तपस्वी रमेशचन्द्र जैन मुनिमजी एवं 11-11 उपवास करने वाले शशी गोखरू, श्रुति मुरड़िया और 9 उपवास करने वाले अमृत कांठेड़ का बहुमान भी समाज एवं चातुर्मास समिति द्वारा किया जायेगा।

धर्मसभा में संयतमुनिजी म.सा. ने कहा कि हमने कोई कर्म किये है तो उसका भुगतान भी हमें ही करना है। घर में कोई दोष या संकट आता है तो हम झाड़-फूंक, तंत्र विद्या, ज्योतिष विद्या करवाते है, घर में वास्तु दोष की कमी समझते है। पर हमें यह नहीं पता होता कि ये सब हमारे कर्म करवा रहा है। मन में भरे अशुद्ध विचारो एवं मैल को तुरंत बाहर निकाल देना चाहिये। ये आत्मा अनादि काल से शुद्ध है। भ्रमित विचार मन में आते है। जब तक आत्मा शुद्ध नहीं होगी तब तक किसी का उद्धार नहीं होने वाला है।

आदित्यमुनिजी म.सा. ने कहा कि मिथ्यादृष्टि में पाप ज्यादा है सम्यक दृष्टि में पाप कम है। पर को मेरा मानने वाला हमेशा दुःखी रहता है। समझाने वाले समझाते है पर जब तक भीतर मिथ्यात्वरूपी गांठ नहीं खुली तो केसे समझेगा। सम्यक दृष्टि को प्राप्त करने के लिये अपने जीवन को दृढ़ और मजबूत करेंगे तो ही स्थिर बनेंगे।

# भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस पर दिल्ली से सीधा प्रसारण



**जागरण नागदा ।** भारतीय मजदूर संघ के स्वर्णिम 70 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य आयोजन दिल्ली में हुआ जिसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख भाई मांडवीय, हिरणमय पंडया उपस्थित हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से सिटी सेंटर कंपलेक्स में दिखाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संघ संचालक सुनील जोशी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशा कार्यकर्ता संघ राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुमन पटेल मौजूद रही। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ पूर्व महामंत्री सुल्तान सिंह शेखावत मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नागदा खाचरोद विधानसभा के विधायक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह चौहान और सांसद प्रतिनिधि ओ पी गेहलोत रहे। भारतीय मजदूर संघ से संबंधित वरिष्ठ पदाधिकारी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी सत्यनारायण शर्मा, मोनू ठक्कर, राजेन्द्र कांठेड़, गिरधारी सिंह शेखावत, उदय सिंह अंजाना, अजय जाटवा आदि का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष गजेंद्र शर्मा वरिष्ठ जोधसिंह राठौड, गिरधारीलाल सोनी, अशोक गुर्जर, मोह्हबत सिंह राठौड़, अनिल दुबे, कुशल धौलपुरे उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन विभाग प्रमुख कृष्णा सिंह तंवर ने किया एवं आभार जिला मंत्री करण सिंह शेखावत ने माना।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग उज्जैन**
**वाहन किराये पर लेने हेतु संक्षिप्त विज्ञप्ति क्रमांक 02/2025-26**

कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग उज्जैन / खाचरौद / महिदपुर हेतु एक वाहन बोलेरो / स्कॉर्पियो/टी.यू.व्ही. (चालक सहित) माह में कुल 15 दिवस हेतु, विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्यों के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण अधिकतम रूपये 10,000/- (दस हजार रू. प्रति माह 15 दिवस हेतु) आवश्यकतानुसार किराये पर लिया जाना है।

इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में निर्धारित शुल्क रूपये 1000/- जमा कर निविदा फार्म कार्यालयीन समय में दिनांक 29.07.2025 तक प्राप्त कर सकते है। उक्त निविदा दिनांक 30.07.2025 को मध्यान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय की भंडार शाखा में जमा करना होगा। निविदा दिनांक 31.07.2025 को सांय 4.00 बजे खोली जावेगी। विज्ञप्ति की विस्तृत शर्ते कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग उज्जैन**

## न्यूज कार्नर

### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**जागरण,अशोकनगर।** भारतीय मजदूर संघ के 70वें स्थापना दिवस पर जिला शाखा द्वारा तायड़े कॉलोनी में स्थित एक मांगलिक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में मप्र कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष बसंत पुरोहित, विशेष अतिथि मजदूर संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रामवीर सिंह रघुवंशी, अधिकारी कर्मचारी पेंशन संघ के संभागीय अध्यक्ष अमर सिंह रघुवशी उपस्थित थे। कायक्रम की अध्यक्षता मजदूर संघ की जिला उपाध्यक्ष बबीता रघुवंशी ने की जबकि संचालन मजदूर संघ के जिलामंत्री हरि सिंह रघुवंशी ने की। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा एवं भारतीय मजूदर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगडी के चित्र पर फूल-माला चढ़ाकर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद में मुख्य वक्ता बसंत पुरोहित द्वारा संगठन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना मध्यप्रदेश के भोपाल शहर में हुई थी। उन्होंने मजदूर संघ की स्थापना के कारणों तत्समय की परिस्थितियों और भारतीय मजदूर संघ के उत्थान की विस्तार से जानकारी दी।

### नईसरांय पुलिस ने नशे के प्रति किया लोगों को जागरूक

**जागरण,अशोकनगर।** नईसरांय पुलिस द्वारा गुरुवार को शाढ़ौरा तिराहा पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया एवं लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत आयोजित किया गया था। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा 15 से 30 जुलाई तक अभियान चलाकर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है। जिले में भी सभी थाना क्षेत्रों में अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी क्रम में नईसरांय थाना प्रभारी पुनीत दीक्षित के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नईसरांय पुलिस द्वारा शाढौरा तिराहा पर ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया एवं लोगों को नशा न करने की समझाइस देकर शपथ दिलाई गई। इसके बाद म्याना तिराहा और डुंगासरा रोड पर भी जागरूकता हेतु पुलिस द्वारा लोगों को समझाइस दी गई।

# ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में फंसी महिला, ड्रिल मशीन से खुदाई कर निकाली

## उड़ीसा से राजस्थान जा रहा था परिवार, पानी पीने उतरी थी महिला



**जागरण अशोकनगर।**

गुरूवार को अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर एक महिला उस समय ट्रेन की चपेट में आ गई जब वह प्लेटफार्म पर पानी पीकर वापस ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही थी। चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही महिला का पैर फिसला और प्लेटफार्म और बोगी के बीच में फंस गई बाद में करीब बीस मिनिट के प्रयास के बाद महिला को प्लेटफार्म काटकर बाहर निकाला गया। घटना सुबह करीब 10 बजे की है।

सवाई माधोपुर के टौंक के पास अलीगढ़ रामपुरा की रहने वाली मधु लक्षकार अपने पति कन्हैया लक्षकार के साथ उड़ीसा के पुरी गए थे। भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर वह पुरी एक्सप्रेस से वापस घर लौट रहे थे। गुरूवार की सुबह जब ट्रेन अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो कन्हैया और उनकी पत्नी मधु पानी पीने के लिए प्लेटफार्म पर उतरे। जब पानी पी रहे थे तभी ट्रेन चल पड़ी। दंपत्ति ने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की। इस कोशिश में मधु लक्षकार का पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म से नीचे गिर गईं।

घटना को देखकर किसी यात्री ने चैन पुलिंग कर दी जिससे ट्रेन रुक गई। जीआरपी के जवान अभिषेक चौहान और थाना प्रभारी लखन सिंह सहित अन्य लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए और महिला को निकालने का प्रयास किया लेकिन महिला प्लेटफार्म और बोगी के बीच में इस तरह फंसी थी कि उसे निकालना काफी मुश्किल हो रहा था क्योंकि बोगी और प्लेटफार्म के बीच में काफी कम जगह थी ऐसे में जवान अभिषेक चौहान ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत प्लेटफार्म से बाहर जाकर एक दुकान से दो बड़े हैमर ले आए और इनकी मदद से प्लेटफार्म की खुदाई की। आधा घंटे से अधिक मशक्कत करने के बाद महिला को सुरक्षित निकाल लिया गया उसकी पीठ और सिर में चोटें आई हैं। इसके बाद महिला को परिजन और जीआरपी पुलिस जिला अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां उसे आईसीयू में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

**जान से बेपरवाह होकर करते हैं नियमों का उल्लंघन:** रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेन आने से पहले कई बार यात्रियों को सूचना दी जाती है कि चलती ट्रेन में न चढ़ें। प्लेटफार्म पर आने.जाने के लिए पैदल पुल का उपयोग करें, पटरी पार न करें। इन तमाम हिदायतों का दरकिनार कर यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर लापरवाही बरतते हैं रोज अशोकनगर में ही हजारों लोग रेलवे पटरी पार करते देखे जा सकते हैं। रेलवे स्टेशन, रेलवे फाटक, बड़े पुल के नीचे माता मंदिर के पास, नौघरा और छैघरा कॉलोनी के पास इस तरह के नजारे आम हैं। इसी तरह लोग पैदल पुल का उपयोग न करके ट्रेन आने के दौरान भी पटरियां पार करते देखे जा सकते हैं। कुछ लोग बोगी में पहले चढ़ने के लिए प्लेटफार्म की बजाए दूसरी ओर पहुंचकर रेलवे ट्रैक पर खड़े हो जाते हैं यह सभी स्थितियां दुर्घटना की आशंका को पैदा करती हैं और कई बार दुर्घटना हो भी जाती है।

# मुंगावली में आफत बनी बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## निचली बस्तियों के घरों में भरा पानी, प्रशासन राहत कार्य में जुटा





**जागरण मुंगावली।**

बुधवार शाम करीब 6 बजे से शुरू हुई मूसलाधार बारिश गुरुवार तक लगातार जारी रही जिससे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। भारी वर्षा के चलते निचली बस्तियों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। कई घरों में पानी घुस गया जिससे घरों में रखा सामान, अनाज और जरूरी सामग्री पूरी तरह खराब हो गई।

तेज बारिश के कारण मुंगावली का कई ग्रामीण क्षेत्रों से संपर्क टूट गया। मुंगावली-कंजिया मार्ग भोपाल गांव के पास सड़क पर पानी भरने से बंद हो गया। चाचूखेड़ा मार्ग पर भी आवागमन बाधित रहा। वहीं मुंगावली-मल्हारगढ़ मार्ग पर पानी भरने से कुछ देर के लिए बंद हो गया था।

**नगर में सड़कों पर पानी, बस्तियां जलमग्न:** बारिश से नगर की कई सड़के नालों में तब्दील हो गईं। चंदेरी रोड़, अजीज कॉलोनी, काजी मोहल्ला, देवी जी मंदिर के पास,स्टेशन रोड़, आनंद टॉकीज के पास, वार्ड नंबर 13 खड़िया नाला के पास सहित कई क्षेत्र जलमग्न हो गए। चंदेरी रोड़, गुर्जर मोहल्ला, वार्ड नंबर 1ए बहादुरपुर रोड़, काजी कॉलोनी, वार्ड नंबर 14 और 15 की निचली बस्तियों में घरों में पानी भर गया जिससे घरेलू सामान, अनाज और राशन खराब हो गया।

**प्रशासन ने संभाला मोर्चा:** हालात को देखते हुए प्रशासनिक अमला तुरंत सक्रिय हुआ। एसडीएम मनीष धनगर, तहसीलदार सोनम शर्मा, नगर परिषद सीएमओ विनय कुमार भट्ट, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेश ग्वाल एवं सभी पार्षद प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। नगर परिषद द्वारा निचली बस्तियों में राहत कार्य शुरू किया गया।

**राहत सामग्री एवं भोजन पैकेट वितरण:** नगर परिषद की ओर से घर-घर भोजन पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। जिन घरों में पानी भर गया है वहां रहने वालों के लिए एसआर गार्डन,स्टेशन रोड और जैन धर्मशाला में ठहरने की व्यवस्था की गई है। पशुओं के लिए भी नगर भवन में ठहरने और चारे की व्यवस्था नगर परिषद द्वारा कराई गई है। प्रशासन लगातार जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य में जुटा हुआ है। भारी बारिश से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

**तालाब पर तैराकी,पुलिस ने संभाला मोर्चा:** भारी बारिश के चलते नगर का प्रसिद्ध गणेश शंकर तालाब जिसे स्थानीय लोग जेल तालाब के नाम से जानते हैं बारिश से लबालब भर गया है। तालाब में पानी का स्तर इतना बढ़ गया है कि करीब 2 से 3 फीट तक तेज बहाव छरार चल रही है। खतरे के बावजूद कई लोग बारिश में तालाब में नहाते और मस्ती करते नजर आए, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ सकती थी इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोर्चा संभाला। थाना प्रभारी जोगिंदर सिंह यादव ने तालाब पर पुलिस बल तैनात किया ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और बारिश के दिनों में ऐसे जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें।

**इनका कहना है...**

क्षेत्र में बारिश की वजह से निचली बस्तियों में पानी भर गया था, उकसी निकासी की व्यवस्था कराई गई है, वहीं कोई भी इसी घटना सामने नहीं आई जिससे बड़ा नुकसान हुआ हो, वार्ड क्रमांक में पानी का भराव अधिक था जिस वजह से कई परिवार को धर्मशाला में शिफ्ट किया गया है वहां उनके खाने और पीने की व्यवस्था कराई गई है साथ ही बारिश से नुकसना का सर्वे कराया जाएगा।

**-मनीष धनगर एसडीएम मुंह मुंगावली**

### भाजपा संगठन महामंत्री शर्मा के जन्मदिन पर पिता ने परिवार के साथ लगाए पौधे



#### ग्राम मढ़ी महिदपुर में रोपे 51 पौधे, गौशाला पहुंचकर की गायों की सेवा

**जागरण अशोकनगर।**

हरियाली अमावस्या एवं भाजपा संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत ग्राम मढ़ी महिदपुर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल परिसर, गौशाला एवं शांतिधाम में कुल 51 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में गौशाला में गायों को गुड़ एवं पुड़ी खिलाकर उनका पूजन कर सेवा भाव व्यक्त किया गया। इस अवसर पर हितानन्द शर्मा के पिता गयाप्रसाद शर्मा, प्रकाश नारायण, ललिता चरण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह यादव,आनंद शर्मा, राजाभैया यादव, नरेंद्र शर्मा, हितशरण शर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

### फसलों का सर्वे न होने से नाराज, सौंपा ज्ञापन

**अशोकनगर।** संयुक्त किसान मोर्चा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर आदित्य सिंह को सौंपा है। फसलें मक्का, सोयाबीन, उड़द सहित अन्य फसलें पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं लेकिन अफसोस की बात यह है कि अब तक प्रशासन की ओर से न तो कोई सर्वे कार्य प्रारंभ किया गया है न ही किसानों को कोई राहत राशि प्राप्त हुई है।

# पैरोल पर छूटे कैदी की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**जागरण, शिवपुरी।** सुभाषपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार रात करीब 10 बजे अज्ञात हमलावरों ने एक कार सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान ग्वालियर निवासी लीलाधर तोमर के रूप में हुई है, जो हाल ही में पैरोल पर जेल से बाहर आया था। वारदात के वक्त वह एक महिला को शिवपुरी से ग्वालियर ले जा रहा था। मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है।

लीलाधर तोमर बुधवार को एक किराए की कार से शिवपुरी आया और यहां से एक महिला को साथ लेकर ग्वालियर के लिए रवाना हुआ। कार को भगत सिंह नामक चालक चला रहा था। जब वे सतनबाड़ा थाना क्षेत्र में एक सीएनजी पंप पर गैस भरवाकर आगे बढ़े, तो कुछ दूर महिला ने टॉयलेट के बहाने कार रुकवाई। उसी वक्त बाइक पर आए अज्ञात बदमाशों ने कार पर गोलियां चला दीं। फायरिंग होते ही चालक भगत सिंह कार भगाकर सीधे ग्वालियर ट्रॉमा सेंटर पहुंचा। वहां डॉक्टरों ने लीलाधर तोमर को मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना ग्वालियर के कंपू थाने और शिवपुरी के सुभाषपुरा थाने को दी गई। दोनों थानों की टीमें मामले की जांच में जुट गई हैं। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है और पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि लीलाधर तोमर के साथ गई महिला कौन थी। हमलावरों की पहचान और हत्या के पीछे की वजह की जांच की जा रही है।

## श्रद्धालुओं का समूह रपटे को पार करते समय तेज बहाव में बहा, दो को बचाया, महिला की मौत



**जागरण, शिवपुरी।** पिछोर थाना क्षेत्र में गुरुवार को रतनगढ़ माता मंदिर दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं का समूह रपटे को पार करते समय तेज बहाव की चपेट में आ गया। हादसे में तीन लोग बहे, जिनमें से दो को बचा लिया गया, जबकि एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार काली पहाड़ी गांव से एक ही परिवार के 15 सदस्य पैदल यात्रा पर रतनगढ़ माता मंदिर दर्शन के लिए निकले थे। गांव से करीब 4 किलोमीटर दूर काली पहाड़ी और गढ़रौली गांव के बीच स्थित रपटे पर बारिश के कारण तेज बहाव था। इसी दौरान 15 वर्षीय दिलकेश लोधी, 12 वर्षीय शिवानी लोधी और 30 वर्षीय वंदना लोधी पानी में बह गईं। दिलकेश के पिता विजय राम लोधी ने तत्काल पानी में कूदकर दिलकेश और शिवानी को बचा लिया, लेकिन फूल सिंह लोधी की पत्नी वंदना को तेज बहाव से नहीं बचाया जा सका। पिछोर थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद वंदना का शव बरामद किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# मां ने बेटी पर हो रहे अत्याचार का विरोध किया तो दामाद ने लाठी से पीटा



**जागरण,** शिवपुरी। देहात थाना क्षेत्रान्तर्गत पुरानी शिवपुरी महलसराय में अपनी प्रताड़ित बेटी का पक्ष लेना एक मां को भारी पड़ गया। जब उसने बेटी के साथ हो रही मारपीट और अत्याचार का विरोध किया तो दामाद ने सास पर ही लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

यहां रहने वाली गुड्डी आदिवासी पत्नी किशन आदिवासी ने बताया कि उसका दामाद अभिषेक आदिवासी नशे का आदी है। नशे की हालत में वह आए दिन उसकी बेटी के साथ मारपीट करता और प्रताड़ित करता था। जब गुड्डी ने इसका विरोध किया तो अभिषेक ने उस पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

हमले में गुड्डी के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं, देहात थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तालाब में डूबने से आठ वर्षीय बालक की मौत

**शिवपुरी।** कोतवाली थानान्तर्गत आने वाली बड़ी नोहरीकला क्षेत्र में गुरुवार सुबह 8 साल के बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बालक शौच करने गया था, इसी दौरान हादसा हो गया। मृतक की पहचान रितिक आदिवासी के रूप में हुई है। वह राजेन्द्र आदिवासी का बेटा था। जानकारी के मुताबिक, रितिक सुबह अपने पड़ोसी दोस्त के साथ शौच के लिए तालाब पर गया था। वहीं उसका पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। साथ गया बच्चा तुरंत गांव लौटकर ग्रामीणों को लेकर आया। ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर रितिक को बाहर निकाला और परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल है।

### निषादराज प्रतिभा सम्मान समारोह 27 को

**शिवपुरी।** मांझी समाज शिवपुरी द्वारा 27 जुलाई को परिणय वाटिका में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा, जिसमें जिले के मैट्रिक व इंटर के मेधावी छात्रों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम शामिल होंगे। युवा समाजसेवी पवन बाथम और हनी बाथम द्वारा बताया गया कि आगामी 27 जुलाई दिन रविवार को निषादराज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर जिले के मैट्रिक और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं और राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर पर शामिल खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह का आयोजन स्थानीय परिणय वाटिका में 11:00 बजे पूर्वाह्न से किया जाएगा। इसके लिए समाज के सभी छात्र/छात्राओं और खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर समाज के छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मांझी समाज के द्वारा निषादराज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है. इससे एक तरफ जहां बच्चे सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस करते हैं, वहीं दूसरी तरफ भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं. उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होता है। छात्र छात्राओं के साथ-साथ उनके कोच और शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# 35 पेटी अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**जागरण, शिवपुरी।** करैरा थाना पुलिस ने आज अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कारों से एक बोलेरो वाहन में भरी हुई 35 पेटी देसी प्लेन शराब जब्त की गई है। जब्त की गई शराब और वाहन की कुल कीमत करीब 9 लाख 22 हजार 500 रुपए आंकी गई है।

करैरा टीआई विनोद सिंह छावई के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 33 सी 5947 में अवैध शराब भरकर करैरा की ओर लाया जा रहा है।

सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस ने करैरा-भितरवार रोड स्थित खैराघाट प्रतीक्षालय के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका। बोलेरो की तलाशी लेने पर वाहन की पिछली सीट और बीच की सीट पर कुल 35 गत्तों में देसी प्लेन शराब के 1750 क्वार्टर कुल मात्रा 315 लीटर मिले। वाहन चालक ने अपना नाम सूर्यप्रताप पुत्र ओमप्रकाश लोधी उम्र 23 वर्ष निवासी विजयपुर चौकी खोड़, थाना भोती, जिला शिवपुरी बताया। वहीं उसके साथ बीच की सीट पर बैठा व्यक्ति बोवी पुत्र भगवानदास लोधी उम्र19 वर्ष निवासी चतुर्भुज मंदिर के पास, मनपुरा, थाना भोती, जिला शिवपुरी पाया गया। जब दोनों से शराब के परिवहन संबंधी वैध लाइसेंस मांगा गया, तो वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना करैरा में अपराध क्रमांक 554/25 धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। पकड़े गए आरोपी सूर्यप्रताप पर पूर्व में भी भौंती और करैरा थाना में दो मामले दर्ज हैं।

# कलेक्टर चौधरी ने दिए ग्रामीण क्षेत्रों तक हर घर जल पहुंचाने के निर्देश

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की बैठक संपन्न



**जागरण, शिवपुरी।** जल जीवन मिशन के तहत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, करैरा विधायक रमेश खटीक, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन सहित पीएचई और जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री चौधरी ने बैठक में पीएचई द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जिनमें ऐसी पूर्ण योजनाएं जो बिजली विभाग के टांसफार्मर के न होने से अथवा विद्युत कनेक्शन के न होने के कारण प्रभावित हो रही है, उनका चिन्हांकन करें।आगामी 15 दिवस में विद्युत विभाग से समन्वय कर क्रियाशील किए जाने की कार्यवाही करें। बैठक में विधानसभावार योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए विधायकगणों ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इसमें जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम द्वारा काम जारी है। अधिकारी इस काम को गंभीरता से लेकर समय सीमा में पूरा करें। जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जो भी कार्य किए जा रहे है, बैठक में उन कार्यों को पूर्ण किए जाने के लिए जो भी तिथियां निर्धारित की गई है, उन तिथियों में ही कार्य पूर्ण हो। जिले में 536 ग्राम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा काम किया जा रहा है और 716 पर जल निगम द्वारा काम होना है। बैठक में समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए हैं कि विकासखंडवार कितनी योजनाएं अभी तक पूर्ण हुई है और गांव में घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है इसकी जानकारी संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को दी जाए। इसके अलावा टीम के माध्यम से जानकारी ली जाए कि योजनाओं के तहत हर घर नल से जल पहुंच रहा है। जल निगम द्वारा मड़ीखेड़ा समूह जलप्रदाय योजना, बसई, महुअर समूह जल प्रदाय योजना पर जिले में काम किया जा रहा है। मड़ीखेड़ा समूह जल प्रदाय योजना के बारे में जानकारी देते हुए जल निगम के महाप्रबंधक ने बताया कि इंटेकवेल से टीटमेंट प्लांट तक पानी लाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, टेस्टिंग करना अभी वाकी है। इसमें पाइप लाइन का काम जारी है और आगामी नवम्वर तक काम पूरा किया जाएगा।

### केएन कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**जागरण, दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में 23 जुलाई को एनएसएस के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीपी चौधरी के संरक्षण में पौधरोपण किया गया। आयोजन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारती चौरसिया एवं समिति सदस्य जया अहिरवार, प्रणव मिश्रा, डॉ.शिरीन खान डॉ. उमेश दीपांकर, अनुभा सोंधिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ.एनपी नायक, डॉ.रेखा जैन, डॉ. अवधेश जैन, डॉ. डीके नेमा, डॉ. मालती नायक मौजूद रहे।



### रोजगार एवं स्वरोजगार युवा संगम मेला संपन्न

दमोह। पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में रोजगार एवं स्वरोजगार युवा संगम मेले का आयोजन किया गया। जिसमें शिवशक्ति बायोटेक जबलपुर, सिटी जॉब दमोह, क्रिश कार्प अहमदाबाद, ग्रेट आग्रेनिक डायमण्डए सागर चेकमेट स्किरिटी सर्विस बड़ौदा, भारतीय जीवन बीमा निगम दमोह, निताई ग्रुप दमोह के लिए साक्षात्कार हेतु 211 आवेदकों ने आनलाईन पंजीयन कराया जिसमें 124 आवेदकों के लिए उपरोक्त साक्षात्कार उपरांत ऑफर लेटर वितरित किए गए।

## न्यूज कॉर्नर

### चिकित्सा दल ने विद्यार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**गुना।** राष्ट्रीय छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गुना में जिला चिकित्सालय द्वारा निर्धारित चिकित्सा दल डॉ एलएन धाकड़ (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. आदित्य श्रीवास्तव मेडिकल ऑफिसर, डॉ. आदित्य तिवारी डेंटल सर्जन एवं शिवनारायण नर्सिंग ऑफिसर मय औषधि द्वारा अध्यनरत विद्यार्थियों का मासिक स्वास्थ्य परीक्षण स्मार्ट कक्ष में कर दवा भी वितरित की गई। संस्था प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडेय की उपस्थिति में चिकित्सक दल द्वारा संबंधित छात्र-छात्राओं को हाथ धुलाई, त्वचा रोग आदि से बचने हेतु साफ सफाई के संबंध में समझाया गया।

### दिव्यांगों को वितरित किये उपकरण

गुन। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्री अब्दुल गफ्फार को दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसी क्रम में श्रवणबाधित दिव्यांग मिश्री लाल कुशवाह पुत्र दौलत सिंह कुशवाह निवासी गजनई जनपद पंचायत गुना को दो श्रवण यंत्र एवं अस्थिबाधित दिव्यांग चंदन सिंह बंजारा पुत्र श्री चतरा बंजारा निवासी ग्राम चकदेवपुर ऊमरी जनपद पंचायत गुना को एक ट्रायसाइकिल एवं मानसिक दिव्यांग सहदेव पंथी पुत्र सुनील कुमार पंथी आयु 5 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 सियाराम कॉलोनी आरोन को एमआर किट वितरित की गई जिसे पाकर सभी दिव्यांगजन प्रफुल्लित हुऐ और शासन द्वारा चलाई गई योजनाओ की प्रशंसा की गई।

### महिला जैन मिलन ने वृद्धाश्रम में लगाए पौधे

**गुना।** महिला जैन मिलन कैंट की वीरांगनाओं ने हाल ही में एक सराहनीय पहल करते हुए अपना घर वृद्धाश्रम का दौरा किया और बुजुर्गों के बीच खुशियां बांटी। वीरांगनाओं ने इस अवसर पर बुजुर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फल, बिस्कुट, कपड़े, चूड़ी, कंगन और अन्य उपयोगी वस्तुएं वितरित कीं। सामग्री वितरण के साथ-साथ, उन्होंने वृद्धाश्रम परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस पुनीत कार्य में वीरांगना अध्यक्ष ज्योति जैन, मंत्री नीलू जैन, मीडिया प्रभारी करूणा जैन और अन्य सदस्याएं जैसे ममता, अभिलाषा, बबीता, सपना, संगीता, श्रद्धा, अर्चना, वंदना, निधि, पिंकी, खुशबू आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### हिंदू रक्षा शक्ति संघ ने किया कांवड़ यात्रा का जलाभिषेक

**गुना।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को हिंदू रक्षा शक्ति संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भोलेनाथ के भक्तों और कांवड़ यात्रियों का जलाभिषेक किया। यह कांवड़ यात्रा भमावद की पार्वती नदी से शुरू होकर रुठियाई गुफा महादेव मंदिर तक पहुंची।

इस अवसर पर हिंदू रक्षा शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष कल्याणपुरी गोस्वामी और मध्यप्रदेश प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सुमन, साथ ही प्रदेश मीडिया प्रभारी हरिओम प्रजापति और प्रदेश महामंत्री सुरेश सुमन उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी बी.एल. मीना, राघौगढ़ नगर पालिका क्षेत्र अध्यक्ष मानसिंह मोगिया, रुठियाई नगर से रुठियाई प्रभारी गोलू सेन, नगर अध्यक्ष दीपक केवट, और रंजीत केवट, अर्जुन यादव, कल्याण सिंह ओझा, सीताराम प्रजापति, राधेश्याम नाथ सहित समस्त कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में रुठियाई गुफा महादेव मंदिर पर कांवड़ियों द्वारा भोलेनाथ का जलाभिषेक संपन्न कराया गया। मध्यप्रदेश प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सुमन ने इस दौरान प्रदेश के सभी नागरिकों को धर्म, देश और संघ के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

### दो दिन से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

# सीजन में बारिश ने बनाया नया कीर्तिमान जिले में 65%, तो गुना में 95% पानी

**जागरण, गुना।** जिले में इस बार मानसून कुछ ज्यादा ही मेहरबान बना हुआ है। बारिश ने गुना तहसील में नए कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। 24 जुलाई की सुबह तक ही गुना तहसील में 99.4 प्रतिशत बारिश दर्ज हो चुकी है। जबकि जिलेभर में यह आंकड़ा लगभग 65 प्रतिशत दर्ज किया गया है। अभी भी गुना जिले में कई जगह बादल छाए हुए हैं और रुक-रुककर बारिश भी दर्ज हो रही है।



गौरतलब है कि इस बार गुना में 18 जून को मानसून ने दस्तक दे दी थी। इसके बाद बादलों ने इक्का-दुक्का छोड़कर किसी भी दिन विश्राम नहीं लिया है। लगातार बारिश से अब जिले में परेशानी बढ़ गई है। कई इलाकों में जलभराव के दृश्य सामने आ रहे हैं। वहीं कच्चे मकानों को भी खासा नुकसान पहुंचा है। लोग इंद्रदेव से बारिश रुकने की प्रार्थना करने लगे हैं। सीजन के आंकड़ों पर गौर करें तो सभी 7 वर्षामापी केंद्र में से गुना में सर्वाधिक 1000.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है। जबकि चांचौड़ा में अब तक की सबसे कम 480 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई है। बारिश के तेवर देखकर लग रहा है कि इस बार कई रिकॉर्ड ध्वस्त हो सकते हैं। संपूर्ण जिले में 24 जुलाई तक 677.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हो चुकी है। जबकि जिले की औसत बारिश 1053 मिलीमीटर है। इस लिहाज से संभावना जताई जा रही है कि सावन और भादौ के महीने में गुना जिला औसत बारिश का आंकड़ा छू लेगा। जबकि गुना और बमौरी तहसीलों में इस बार सरप्लस बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक गुना में फिलहाल से एक दो दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। खासकर गुना तहसील प्रभावित होगी। वहीं बमौरी में भी बारिश की वजह से लोगों को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

#### केंद्रों में दर्ज आंकड़े

मौसम विभाग और भू-अभिलेख के मुताबिक 24 जुलाई तक गुना वर्षामापी केंद्र पर 99.4 प्रतिशत बारिश हुई है। वहीं बमौरी में 84.9 प्रतिशत बारिश रिकॉर्ड हो चुकी है। अन्य तहसीलों पर नजर डालें तो आरोन में 57.9 प्रतिशत, राघौगढ़ में 59.9 प्रतिशत, चांचौड़ा में 53.3 प्रतिशत, कुंभराज में 63.2 प्रतिशत बारिश रिकॉर्ड हो चुकी है। जबकि मधुसूदनगढ़ में 338.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई है। मधुसूदनगढ़ पहली बार वर्षामापी केंद्र स्थापित किया गया है, इसलिए यहां प्रतिशत में बारिश के आंकड़े दर्ज नहीं हो रहे हैं। खास बात यह है कि साल 2024 में इसी अवधि तक गुना जिले में सिर्फ 393 प्रतिशत बारिश रिकॉर्ड हुई थी। इस लिहाज से साल 2025 में बारिश की रफ्तार काफी अधिक मानी जा रही है।

#### बारिश रुकने का इंतजार

जिले में जारी भारी बारिश की वजह से जन-जीवन प्रभावित होने लगा है। लिहाजा लोग अब बारिश रुकने का इंतजार कर रहे हैं। बारिश की वजह से म्याना और गुना के तीनों अंडर ब्रिज लबालब हैं। गुना में बांसखेड़ी और खैजरा जाने वाले मार्गों पर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्रामीण इलाकों में बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

# निजी बैंक मैनेजर की दूसरे दिन भी जारी रही तलाश



**जागरण, गुना।** शहर के न्यू सिटी कॉलोनी में रहने वाले निजी बैंक के सेल्स मैनेजर सत्यदेव मिश्रा मंगलवार से लापता हैं। गुरुवार को दूसरे दिन भी एनडीआएफ की टीम सिंध नदी में उनकी तलाश कर रही है। शुरुआती जांच में उनके लापता होने की वजह पारिवारिक विवाद मानी जा रही है। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे सत्यदेव मिश्रा रोजाना की तरह बैंक पहुंचे थे। वहां एक मीटिंग अटेंड करने के बाद दोपहर 12 बजे वे घर आए और भोजन कर फिर बैंक लौटे। कुछ देर बाद उन्होंने बैंक में ही अपना मोबाइल और सामान छोड़ दिया और स्टाफ से 30 रुपए लेकर अशोकनगर जाने की बात कहकर निकले, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटे। जब देर शाम तक मिश्रा घर नहीं पहुंचे तो परिजन चिंतित हो गए। बैंक में पूछताछ पर पता चला कि उनका मोबाइल और अन्य सामान वहीं रखा था। बैंक स्टाफ ने मोबाइल घर भिजवा दिया। बुधवार सुबह परिवार ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस को जानकारी मिली कि मिश्रा सिंध नदी से पहले बस से उतर गए थे। वहां पहुंचकर जब पूछताछ की गई तो कुछ बच्चों ने बताया कि उन्होंने एक व्यक्ति को नदी में बहते हुए देखा था। इस सूचना पर एनडीआएफ की टीम को बुलाया गया, जिसने बुधवार को दिनभर नदी में खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रात में अंधेरा होने के कारण सर्चिंग रोकनी पड़ी। गुरुवार सुबह से एनडीआएफ की टीम ने फिर से नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। करीब 10 किलोमीटर के क्षेत्र में तलाश की जा रही है। पुलिस को परिजनों से पता चला कि लापता होने से पहले घर में किसी बात को लेकर बहस हुई थी, जिससे पारिवारिक तनाव की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ठेकेदार के सूने घर, ऑफिस व गैरिज में बड़ी चोरी

## नकदी और जेवरात समेत मशीनें भी ले गए चोर, जांच में जुटी पुलिस

**जागरण, गुना ।** जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत साडा कॉलोनी स्थित एक सूने घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए लाखों के जेवरात, आवश्यक दस्तावेज और लोहे की सामग्री सहित मशीनों की चोरी कर ली।

पीड़ित ठेकेदार लक्ष्मण ठाकुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसमें घर, ऑफिस और गैरिज तीनों स्थानों पर ताले टूटे पाए गए और कीमती सामान गायब मिला। मिली जानकारी के अनुसार फरियादी लक्ष्मण पिता राजवंशी ठाकुर (50) निवासी गोरखपुर उप्र हाल एमआईजी-35 साडा कॉलोनी राघौगढ़ ने थाने में पहुंचकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज करवाई। फरियादी ने बताया कि वह एक सरकारी ठेकेदार हैं और बीते 18 मई 25 को उनकी पत्नी उर्मिला ठाकुर, बेटा अमित, बेटियां संगीता और अंकिता सभी लोग गोरखपुर स्थित अपने गृह निवास गए थे। उस दौरान राघौगढ़ स्थित मकान पर वह अकेले ही रह रहे थे। लक्ष्मण ने बताया कि 2 जून 25 को वह भी गोरखपुर अपने बच्चों को लेने चले गए थे। घर की देखरेख के लिए उन्होंने अपने फोरमैन राजकुमार शाह को राघौगढ़ स्थित घर पर छोड़ा था, लेकिन अगले ही दिन उसके पिता का निधन हो जाने के कारण वह भी अपने घर चला गया था। इस तरह घर पूरी तरह से सूना हो गया। विगत जुलाई माह में ही लक्ष्मण अपने परिवार सहित वापस राघौगढ़ लौटे तो उन्होंने घर में घुसते ही सामान अस्त-व्यस्त पाया। घर के पिछले दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और कार्यालय व गैरिज के भी ताले टूटे मिले। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच प्रारंभ कर दी है।

### आंदोलन के चौथे दिन दिव्यांगों का बमोरी विधायक के कार्यालय पर डेरा

## विधायक को पीड़ा सुनाकर भावुक हुए दिव्यांग

**जागरण, गुना।** दिव्यांग स्वाभिमान संगठन द्वारा 16 सूत्रीय मांगों को लेकर किए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के सिलसिले में गुरुवार को दिव्यांगजन बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल से मुलाकात करने पहुंचे। अग्रवाल से मिलकर दिव्यांगजनों ने अपनी मांगों के साथ-साथ प्रशासनिक स्तर पर आ रहीं परेशानियों को भी साझा किया।

बमौरी विधायक के सामने अपना ज्ञापन पढ़ते हुए दिव्यांगजन भावुक हो गए, जिन्हें अग्रवाल ने ढांढस बंधाया। इससे पहले विधायक अग्रवाल ने दिव्यांगजनों का स्वागत करते हुए उन्हें रुचिकर भोजन कराया। दिव्यांग संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने आंदोलन के पांचवें दिन विधायक अग्रवाल से मुलाकात की है। बमौरी विधायक ने दिव्यांगजनों को आश्वासन दिया है कि वे दिव्यांगजनों की मांगों को विधानसभा के पटल पर रखेंगे और मांगों को पूरी करवाने के लिए पुरजोर कोशिश करेंगे। विधायक ने बताया कि दिव्यांगजनों से बातचीत कर मन को शांति मिली, लेकिन दिव्यांगजनों की समस्यां सुनकर मन दुखी हुआ है। दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार को ऐसी नीतियां बनाना चाहिए ताकि दिव्यांगजनों की समस्या का समाधान हो, साथ ही उन्हें रोजगार और शिक्षा के संसाधन भी उपलब्ध कराए जा सके। खासकर जिला स्तर की समस्याओं का जल्द समाधान किया जा सकता है। शेष समस्याओं के लिए कांग्रेस पार्टी विधानसभा में रखेगी। खासकर दिव्यांगजनों की पेंशन को 600 रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए करवाया जाएगा। अग्रवाल ने कहाकि वे जिला प्रशासन से भी बातचीत कर शिविर लगाकर दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान करने के लिए शिविर लगाने का आग्रह करेंगे।



गुना। दिव्यांग युवती का जन्मदिन मनाते विधायक अग्रवाल।

#### विधायक ने मनाया दिव्यांग युवती का जन्मदिन

इस दौरान संगठन के प्रतिनिधि मंडल के साथ आईं दिव्यांग युवती शांति भिलाला का जन्मदिन भी था, सौ विधायक अग्रवाल ने केक मंगवाकर उनका जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। दिव्यांग बहन शांति भिलाला विधायक के सत्कार से उत्साहित नजर आईं। शांति ने विधायक का आभार व्यक्त किया है और सभी दिव्यांग प्रतिनिधियों ने विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज चांचौड़ा-बीनागंज में

**गुना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के चांचौड़ा-बीनागंज आगमन की तैयारियों का जायजा लेने गुरुवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हेलीपैड और बीनागंज मंडी प्रांगण में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम 25 जुलाई को बीनागंज मंडी प्रांगण में आयोजित होगा। कलेक्टर कन्याल ने निरीक्षण के दौरान हेलीपैड और वाहनों के लिए चिन्हित पार्किंग स्थलों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिन अधिकारियों को कार्यक्रम के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, वे उन्हें समय पर पूरा करें और नोडल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे को सूचित करें। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन, पेयजल और विद्युत व्यवस्था के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल और प्रदर्शनी स्थल का भी निरीक्षण किया।

## मधुसूदनगढ़ से लापता तीन सगी बहनों का 5 दिन बाद भी सुराग नहीं

### विधायक जयवर्धन सिंह ने उठाए पुलिस पर सवाल



**जागरण, गुना।** मधुसूदनगढ़ क्षेत्र के बिदोरिया गांव से पांच दिन पहले लापता हुई तीन सगी बहनों को पुलिस अभी तक तलाश नहीं पाई है, घटना की जानकारी मिलने पर गुरुवार को राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्होंने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। परिजनों से बातचीत के बाद विधायक जयवर्धन सिंह ने बताया कि वीडियो फुटेज में यह सामने आया है कि मुरलीपुरा का एक युवक संदीप सौंधिया तीनों लड़कियों को एक साथ बाइक पर बैठाकर ले गया है। यह घटना 20 जुलाई को हुई थी, जिसके बाद मंगलवार को मधुसूदनगढ़ में मीणा समाज द्वारा चक्काजाम किया गया था। तब प्रशासन ने समाज को 12 घंटे के भीतर तीनों बालिकाओं को तलाशकर परिजनों को सौंपने का आश्वासन दिया था, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। विधायक ने तीनों लापता बालिकाओं को तत्काल तलाश कर उनके परिजनों को सौंपने की मांग की है। जयवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी आग्रह किया कि वे इस मामले पर मंथन करें ।

## जीनघर की कबाड़ा दुकान में चोरी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार



**जागरण, गुना।** पुलिस ने कबाड़े की दुकान में हुई चोरी का पांच दिन के भीतर ही खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किया गया कबाड़ा और नकदी भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार 19 जुलाई 2025 को आवासीय कॉलोनी नानाखेड़ी निवासी मुकेश रजक ने कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि 12 जुलाई की रात जीनघर स्थित उनकी कबाड़े की दुकान से तांबा, पीतल, एल्युमीनियम सहित लगभग 2 लाख रुपये का सामान चोरी हो गया था। दुकान का शटर का ताला टूटा हुआ था। इस संबंध में कोतवाली में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने दो संदिग्धों शहजाद खां, निवासी हड्डीमील और अमीन खां, निवासी जीनघर हाल हड्डीमील को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना कबूल किया। उन्होंने बताया कि दुकान से तांबा, पीतल और एल्युमीनियम से भरे कट्टे चुराए और अमीन खां की टैक्सी में रखकर ले गए। उन्होंने कुछ सामान आपस में बांट लिया दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आज 25 जुलाई 2025 को न्यायालय में पेश किया गया।

### घर में सो रहे बुजुर्ग को सांप ने काटा, मौत

**गुना।** ग्रामीण इलाकों में बारिश के दौरान जहरीले सांपों का निकलना और उनसे होने वाली मौतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ऐसा ही एक दुखद मामला जिले के म्याना थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां समय पर इलाज न मिलने के कारण एक बुजुर्ग को अपनी जान गंवानी पड़ी। जानकारी के अनुसार, ग्राम उकावद थाना म्याना निवासी 65 वर्षीय देवीलाल पुत्र बल्देव सेन गुरुवार रात करीब 11 बजे अपने घर में सो रहे थे, तभी एक जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। सांप काटने के बाद परिजनों ने सबसे पहले एक झाड़-फूंक करने वाले को बुलाया। झाड़-फूंक वाले ने जब स्थिति को गंभीर देखा तो उसने हाथ खड़े कर दिए और तुरंत देवीलाल को जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन देवीलाल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। रात लगभग 1.30 बजे देवीलाल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर आगे की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि अगर परिजन समय पर अस्पताल ले जाते तो जान बच सकती थी।

### समस्या | बारिश में गांवों की हालत हो रही बदतर, कहीं सड़क तो कहीं मरघट शाला का मुद्दा

# कई गांवों में खुले मैदान, खेत में हो रहे दाह-संस्कार

**जागरण, गुना।** यूं तो केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा कागजों में और मुंह जवानी देश में विकास की कहानी जोर शोर से गढ़ी जाती हैं, लेकिन हकीकत में आज भी यदि गांव की असल तस्वीर देंखे तो हालात बद से बदत्तर ही नजर आएंगे। खासतौर से बारिश के मौसम में गांवों की सच्ची तस्वीर सामने आती है, जब कीचड़ भरे रास्ते और गड्ढों भरी सड़कों पर से ग्रामीणों को गुजरना मुश्किल होता है और सबसे ज्यादा रास्ते को लेकर राजनेता और प्रशासन पर आवेदन आते हैं। इसके साथ ही एक मुख्य मुद्दा गांवों में मरघट शाला का भी है, जिसकी जरूरत बारिश में ही ज्यादा महसूस होती है अन्य मौसम में तो दाह संस्कार प्रक्रिया खुले में आसानी से हो जाती है, इसलिए परेशानी के समाचार सामने नहीं आते, लेकिन बारिश में सबसे ज्यादा मरघट शाला की कमी सामने आती है, जब बीच बरसात में दाह संस्कार करने में ग्रामीणों को जो तकलीफ उठानी पड़ती है, तब हकीकत की तस्वीर सामने आती है। इस बारिश में भी कई गांवों में मरघट शाला नहीं होने से यह मुद्दा प्रमुख रूप से सामने आया है। कई गांवों के लोगों ने प्रशासन से और जनप्रतिनिधियों के सामने मरघट शाला नहीं होने की शिकायत कर आवेदन दिए हैं और गांवों में मरघट शाला की प्रमुखता से मांग की है।



गुना। अधूरी छत और बारिश के बीच अंतिम संस्कार करते ग्रामीण

#### विधायक ने उठाया मुद्दा

इस मामले को बमोरी के कांग्रेस विधायक ऋषि अग्रवाल ने प्रमुखता से उठाया है। बमोरी विधानसभा क्षेत्र के चंदेरा गांव से सामने आई एक हृदय विदारक तस्वीर ने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। बारिश के दौरान एक अंतिम संस्कार में परिजनों को मृतक को अंतिम विदाई देने के लिए केवल एक चादर का सहारा लेना पड़ा, क्योंकि गांव में मुक्तिधाम की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस घटना पर विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल ने गहरा दुख व्यक्त किया है और इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। विधायक ने कहा कि उनके संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं जहां श्मशान घाट या मुक्तिधाम न होने के कारण ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए या तो भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, उन्होंने आश्वस्त किया कि वे बमोरी क्षेत्र के हर गांव में एक मुक्तिधाम बनवाने का प्रयास कर रहे हैं।

## हरियाली अमावस्या पर फलदार और छायादार पौधों का रोपण




**जागरण, गुना।** प्रदेशव्यापी हरियाली महोत्सव के अंतर्गत 21 जुलाई से 27 जुलाई 2025 तक चल रहे पौधरोपण अभियान के तहत, आज हरियाली अमावस्या के अवसर पर नगर पालिका परिषद गुना और श्रेष्ठ अकादमी ने मिलकर हनुमान टेकरी क्षेत्र में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। इस पौधरोपण कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर व मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री, सब इंजीनियर नितिन चंदेल, शकील खान, अमित आर्य, डिफेन्स जादोन और स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर व श्रेष्ठ अकादमी के संस्थापक निशांत शर्मा उपस्थित रहे। इनके साथ अकादमी के छात्र-छात्राएं और नगर पालिका परिषद गुना की सहयोगी स्वच्छता टीम सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट के सदस्य भी मौजूद थे।